गोलीकांड पर जवाब दें गृहमंत्री : राहुल

नई दिल्ली, 10 अगस्त. कांग्रेस पार्टी ने सोमवार शाम को इंदिरा भवन एक विशेष प्रेस कांफ्रेंस कर दिल्ली में जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों के खिलाफ़ हुए लाठीचार्ज और आंसूगैस छोड़े जाने के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह से सवाल किए हैं.

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, 'हमारा कभी भी यह सवाल नहीं रहा कि अमित शाह संसद में आएं और कुछ आम मुद्दों पर बयान दें. सवाल शुरू से यही है कि अमित शाह को यह स्पष्ट करना है कि दिल्ली में हमारे युवाओं पर गोली चलाने की अनुमति किसने दी. राहुल गांधी ने कहा, 'वह गृह मंत्री हैं, पैलेट गन चलाए गए. स्टूडेंट को कांटे लगे डंडों से पीटा गया. सवाल यही था कि अमित शाह स्पष्ट करें कि उन्होंने इसका आदेश दिया था, या नहीं. उन्होंने कहा, 'अगर उन्होंने यह आदेश दिया था तो वे हमारे बच्चों पर गोली चलवाने के कसूरवार हैं और अगर वो नहीं जानते थे कि क्या हो रहा है तो वो गृह मंत्री रहने के लायक नहीं हैं, उन्हें इस्तीफ़ा देना चाहिए. राहुल गांधी ने कहा, 'अब अमित शाह अचानक कह रहे हैं कि वो बोलने के लिए तैयार हैं. हमें उनकी मनगढ़ंत बातों में कोई दिलचस्पी नहीं है. हम यह जानना चाहते हैं कि क्या उन्होंने बच्चों पर गोली चलाने की अनुमति दी थी या नहीं. उन्हें पहले यह स्पष्ट रूप से बताना होगा, उसके बाद कोई चर्चा होगी.'

विपक्ष तय नहीं करेगा कौन देगा जवाब : रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा था कि सरकार दिल्ली में स्टूडेंट्स के प्रदर्शन के दौरान हुई घटनाओं पर चर्चा के लिए तैयार है. किरेन रिजिजू ने सदन में इस मुद्दे पर विपक्षी दलों से कहा, 'गृह मंत्री जी के जवाब के समय डरना नहीं है, भागना नहीं है. इससे पहले उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'मेरा कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के साथियों से अनुरोध है कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है.

झारखंड में छात्रों पर लाठीचार्ज गलत : राहुल

झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं. राहुल गांधी ने 10 अगस्त को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना छात्रों का अधिकार है और उनके खिलाफ बल का इस्तेमाल गलत है.

शरद के 8 सांसदों की पीएम मोदी से मुलाकात

विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, 10 अगस्त.शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) के सांसदों ने सोमवार को पीएम मोदी से मुलाकात की. इस दौरान सुप्रिया सुले समेत एनसीपी एसपी के सभी 8 सांसद मौजूद रहे. तमाम सांसद अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री के पास गए थे. बाढ़ बारिश, फसलों की कीमत और विकास के मुद्दे पर बातचीत हुई.

प्रधानमंत्री ने तमाम सांसदों की बात सुनी भरोसा दिया कि जो भी समस्याएं हैं उनको देखा जाएगा और दूर किया जाएगा. पीएम मोदी से ये मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब संसद की कार्यवाही नहीं चल पा रही है. विपक्षी पार्टियां अमित शाह से लाठीचार्ज के मामले में जवाब मांग रही है और राम मंदि चंदा चोरी का मामला उठा रही है. विपक्षी खेमे में शामिल एनसीपी (एसपी) के नेताओं की पीएम मोदी से मुलाकात ने कांग्रेस और उद्धव ठाकरे गुट को टेंशन में डाल दिया है. हालांकि आज ही जब विपक्षी दलों की बैठक हुई तो उसमें सुप्रिया सुले मौजूद रहीं. शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा किशरद पवार गुट के तमाम सांसद प्रधानमंत्री से मिल रहे है यह कोई नई बात नहीं है.

टीएमसी कार्यकर्ता की मौत पर सीएम ने दिए जांच के आदेश

कोलकाता, 10 अगस्त. पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को उत्तर 24 परगना जिले में कथित तौर पर पुलिस हिरासत में जान गंवाने वाले तृणमूल कार्यकर्ता के परिवार से मुलाकात की.

मुख्यमंत्री ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं. उन्होंने पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 लाख रुपये की मदद देने की भी घोषणा की. अधिकारी के साथ भाजपा विधायक अर्जुन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और स्थानीय नेता भी मौजूद थे. एक दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के मृतक कार्यकर्ता के हालीशहर स्थित घर पहुंची थीं. वहां ममता बनर्जी को विरोध का सामना करना पड़ा था. भीड़ ने उनकी गाड़ी को घेर लिया था. उनके खिलाफ 'चोर' के नारे लगाए गए थे. काफिले पर कीचड़ और चप्पलें भी फेंकी गई थीं.

ओडिशा में जनसुनवाई के दौरान दो किसानों ने की आत्महत्या की कोशिश

भुवनेश्वर, 10 अगस्त. ओडिशा में दो किसानों ने सोमवार को सार्वजनिक जनसुनवाई के दौरान जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। केंद्रपाड़ा जिले की राजनगर तहसील में यह घटना तब हुई जब जिला कलेक्टर रघुराम आर. अय्यर जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे थे और तहसील के निवासियों की याचिकाओं को सुन रहे थे. तालचुआ के गणेश चंद्र मंडल और ढोलामारा गांव के रामकृष्ण मंडल के रूप में पहचाने गये दो किसानों ने अचानक जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया. मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और दोनों को यह चरम कदम उठाने से रोक लिया.

देश में तेजी से फैल रहा ड्रग्स का नेटवर्क

- सुको ने केंद्र और राज्यों को जारी किया नोटिस
- अदालत ने चार हफ्तों के भीतर मांगा जवाब

नई दिल्ली, 10 अगस्त। देश में तेजी से फैल रहे नशीले पदार्थों के कारोबार और तस्करी के नेटवर्क पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है. शीर्ष अदालत ने ड्रग्स के बढ़ते दुरुपयोग को गंभीर समस्या बताते हुए केंद्र सरकार और सभी राज्यों को नोटिस जारी किया है. अदालत ने संबंधित पक्षों से चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है.

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने कहा कि नशीले पदार्थों का खतरा अब किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है. यह समस्या देशभर में फैल चुकी है और इससे निपटने के लिए कानून-व्यवस्था की मशीनरी को प्रभावी कदम उठाने होंगे.पीठ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय तस्करी नेटवर्क को लेकर भी चिंता जताई.

> अदालत ने अफगानिस्तान और म्यांमार से जुड़े गोल्डन क्रिसेंट क्षेत्र तथा सीमापार से आने वाले नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों का जिक्र किया. यह सुनवाई बीजेपी नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर याचिका पर हुई. याचिका में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस यानी एनडीपीएस कानून के तहत जांच और सुनवाई की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की मांग की गई है. याचिका में फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट, पुलिस जांच और अदालतों में सुनवाई समयसीमा तय हो.

नीट पीजी की सिटी स्लिप आज होगी जारी, 30 को होगी परीक्षा

नई दिल्ली, 10 अगस्त. राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-पीजी में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए परीक्षा शहर की जानकारी जल्द उपलब्ध होने वाली है. नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज के शेड्यूल के अनुसार नीट पीजी परीक्षा की शहर सूचना पर्ची 11 अगस्त 2026 को जारी की जाएगी.

उम्मीदवार अपने लॉगिन विवरण की मदद से सिटी स्लिप डाउनलोड कर सकेंगे. इसमें उन्हें उस शहर की जानकारी मिलेगी, जहां उनका परीक्षा केंद्र निर्धारित किया जाएगा. सिटी स्लिप जारी होने के बाद उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए यात्रा की योजना बनाने में मदद मिलेगी.

उम्मीदवारों को परीक्षा शहर की जानकारी केवल आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही नहीं मिलेगी. एनबीईएमएस की ओर से सिटी स्लिप डाउनलोड करने का लिंक ईमेल के जरिए भी भेजा जाएगा. उम्मीदवार ईमेल में प्राप्त लिंक पर क्लिक करके अपने लॉगिन विवरण दर्ज कर सकते हैं. इसके बाद वे अपनी परीक्षा सिटी स्लिप देख और डाउनलोड कर सकेंगे. इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने पंजीकृत ईमेल खाते को भी नियमित रूप से चेक करते रहें.

एक नजर में

अमेरिका ने होर्मुज के पास उतारे 20 युद्धपोत

नई दिल्ली, 10 अगस्त. ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर अब खाड़ी क्षेत्र की समुद्री गतिविधियों पर दिखाई देने लगा है. अमेरिका ने होर्मुज जलसंधि के आसपास अपनी सैन्य ताकत बढ़ाते हुए 20 से ज्यादा युद्धपोत तैनात कर दिए हैं. अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, यह तैनाती क्षेत्र में चल रहे सैन्य अभियानों को समर्थन देने और समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने के लिए की गई है. अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक यूएसएस रॉस पर तैनात नौसैनिक भी इस अभियान का हिस्सा हैं. अमेरिकी कमांड ने बताया कि इन बलों का उद्देश्य ईरान के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों और समुद्री निगरानी व्यवस्था को लागू करना है.

विपक्षी दलों ने किया संसद भवन परिसर में प्रदर्शन

नयी दिल्ली, 10 अगस्त. छात्रों के साथ पुलिस कार्रवाई तथा चढ़ावा चोरी सहित कई मुद्दों पर विपक्षी दलों के सांसदों ने सोमवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारे लगाए. विपक्षी सांसदों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विरोध जताया. तख्तियों पर गृहमंत्री अमित शाह की तस्वीर भी थी, जिन पर संसद में उनकी अनुपस्थिति को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई थी. प्रदर्शनकारियों में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव के .सी. वेणुगोपाल तथा प्रियंका गांधी वाड्रा शाहिद कांग्रेस के अन्य कई सांसद शामिल थे. संसद भवन परिसर में कांग्रेस के अलावा तृणमूल कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, समाजवादी पार्टी तथा शिवसेना उद्धव गुट के साथ ही कई अन्य दलों के के सांसद भी शामिल थे.

पंजाब में बीकेआई मॉड्यूल का आतंकी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 10 अगस्त। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर और एसबीएस नगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में आईएसआई प्रायोजित बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने मॉड्यूल से जुड़े एक प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 86-पी हैंड ग्रेनेड बरामद किया है. इस बरामदगी से एक संभावित आतंकी हमले को टालने में सफलता मिली है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी ने विदेशी बैठे हैंडलरों के निर्देश पर जालंधर के आदमपुर के पास एक डीलर से कथित तौर पर हैंड ग्रेनेड हासिल किया था.

हॉस्टल में जहरीले नाग ने 6 छात्राओं को डसा, 3 की मौत

मुंबई, 10 अगस्त. महाराष्ट्र के गड़चिरोली में दर्दनाक घटना घट गई. यहां आश्रम स्कूल के हॉस्टल में जहरीले सांप ने 6 छात्राओं को डस लिया. इन सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जिनमें से 3 छात्राओं की मौत हो गई है, वहीं बाकी घायल छात्राओं का इलाज किया जा रहा है.

इस घटना के बाद से छात्राओं के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. सांप के हमले का शिकार हुई सभी छात्राएं 5वीं से 8वीं तक की कक्षाओं में पढ़ती हैं. महाराष्ट्र के गड़चिरोली जिले में सांप के कहर की इस घटना से लोगों में दहशत पैदा हो गई है. यहां एक निजी अनुदानित आवासीय आश्रम स्कूल के हॉस्टल में उस वक्त हंगामा मच गया, जब रात में सो रही छह छात्राओं को एक-एक कर जहरीले सांप ने डस लिया.

ये सभी छात्राएं एक ही कमरे में सो रही थीं, जहां पहुंचे सांप ने इन सभी पर बारी-बारी से हमला कर दिया.

पहली बार लाल किले की प्राचीर से गाया जाएगा 'वंदे मातरम'

नई दिल्ली, 10 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस 2026 का समारोह इस बार एक खास ऐतिहासिक अवसर का गवाह बनने जा रहा है. 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से पहली बार 'वंदे मातरम' का गायन किया जाएगा.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे और लाल किले से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश को संबोधित करेंगे. रक्षा मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, इस वर्ष का आयोजन इसलिए भी विशेष है क्योंकि राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं. इसी अवसर को यादगार बनाने के लिए स्वतंत्रता दिवस समारोह में पहली बार लाल किले की प्राचीर से इसका सामूहिक गायन किया जाएगा. 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराएंगे. इसके बाद देश को संबोधित करेंगे. स्वतंत्रता दिवस समारोह में बड़ी संख्या में आमंत्रित अतिथि, विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग और देशभर से आए प्रतिनिधि शामिल होंगे.



भरत तिवारी एनकाउंटर में एसपी से मांगी रिपोर्ट

आरा, 10 अगस्त। बिहार के भोजपुर जिले के चर्चित भरत तिवारी पुलिस मुठभेड़ मामले में सोमवार को आरा सिविल कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई है. अदालत ने फिलहाल 11 आरोपियों के खिलाफ कोई गैर-जमानती वारंट जारी नहीं किया है. कोर्ट ने मामले की जांच से जुड़ी जानकारी के लिए भोजपुर के पुलिस अधीक्षक से अंतरिम रिपोर्ट मांगी है. साथ ही एसपी को 12 अगस्त तक व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है. भरत तिवारी के पक्ष से मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता की ओर से पहले आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी होने की बात कही गई थी.

आईआरसीटीसी का महाकाल-ओंकारेश्वर दर्शन का मौका

4 रात और 5 दिन का स्पेशल टूर पैकेज लॉन्च

लखनऊ, 10 अगस्त. उत्तर प्रदेश के यात्रियों के लिए पर्यटन और रेल सुविधा के मोर्चे पर राहत भरी खबर सामने आई है. एक तरफ भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी आईआरसीटीसी ने मध्य प्रदेश के धार्मिक और पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए विशेष हवाई यात्रा पैकेज तैयार किया है.

वहीं दूसरी ओर रेलवे ने चित्रकूट से लखनऊ और प्रतापगढ़ के बीच सीधी रेल यात्रा को आसान बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया है. आईआरसीटीसी के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से तैयार किए गए मध्य प्रदेश विशेष हवाई यात्रा पैकेज की अवधि चार रात और पांच दिन रखी गई है. यह यात्रा 20 सितंबर से 24 सितंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी. पैकेज के तहत यात्रियों को लखनऊ से इंदौर तक हवाई यात्रा की सुविधा मिलेगी. इसके साथ ही तीन सितारा होटल में ठहरने की व्यवस्था भी की जाएगी. इस पैकेज का उद्देश्य यात्रियों को कम समय में मध्य प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों की यात्रा का अवसर देना है.

आज का इतिहास

- 1961: दादर नगर हवेली का भारत में विलय और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया.
- 1984: तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया.
- 1985: रोनाल्ड रीगन अमेरिका के राष्ट्रपति बने.
- 1999: सदी का अंतिम चंद्रग्रहण दुनिया के कई हिस्सों में लोगों ने देखा. कुछ हिस्सों में घने बादलों की वजह से लोग इसे नहीं देख सके.
- 2003: उत्तर अटलांटिक संधि संगठन नाटो ने अफगानिस्तान में शांति बल की कमान संभाली.
- 2004: भारत और पाक ने वांछित अपराधियों की सूचियों की अदला-बदली की.

कृषि छात्रों को 21.35 करोड़ की छात्रवृत्ति

कृषि में केवल कक्षा नहीं, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग से ही असली दक्षता आती है : शिवराज सिंह

- एनएसपी-डीबीटी से हर महीने सीधे खाते में पहुंचेगी राशि
- शिवराज सिंह चौहान ने की पहल की शुरुआत

नई दिल्ली, 10 अगस्त. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को ICAR-IARI, पूसा में नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (NSP) के माध्यम से देशभर के कृषि विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति और फेलोशिप राशि जारी की. इस पहल के तहत 6 हजार से अधिक विद्यार्थियों को कुल 21.35 करोड़ की राशि सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से प्रदान की गई.

> **कृषि शिक्षा में प्रायोगिक प्रशिक्षण का महत्व**
> उन्होंने कहा कि एनएसपी-डीबीटी व्यवस्था लागू होने से अब विद्यार्थियों को हर महीने समय पर छात्रवृत्ति राशि मिलेगी और पारंपरिक देरी की समस्या समाप्त होगी. उन्होंने कृषि विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि शिक्षा में प्रायोगिक प्रशिक्षण का विशेष महत्व है. केवल कक्षा में पढ़ाई करने से अच्छे किसान, वैज्ञानिक और कृषि उद्यमी तैयार नहीं हो सकते. विद्यार्थियों को खेतों से जुड़कर नई तकनीकों, अनुसंधान और नवाचार पर काम करना चाहिए.

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि कृषि शिक्षा को मजबूत बनाने और विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का माध्यम है.

हस्तियों के ट्वीट

केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानी एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रवीणचंद्र छाबड़ा से जयपुर स्थित उनके निवास पर आत्मीय भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना. स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्षों को निकट से देखने वाले और राजस्थान की पत्रकारिता को सात दशकों से अधिक समय तक अपनी लेखनी से समृद्ध करने वाले छाबड़ा जी का जीवन राष्ट्रसेवा, त्याग, संघर्ष और समर्पण की प्रेरणादायी गाथा है. उनके अनुभवों और जीवन-संस्मरणों को आत्मीयता से सुनना मेरे लिए अत्यंत भावुक एवं अविस्मरणीय अनुभव रहा.

परिवर्तन और जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि विश्व शेर दिवस पर, हम एशियाई शेरों के संरक्षण में भारत की शानदार यात्रा का जश्न मना रहे हैं. एशियाई शेरों के संरक्षण में भारत की सफलता, वन्यजीवों और जैव-विविधता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का गर्वपूर्ण प्रमाण है. महत्वपूर्ण आवासों की सुरक्षा से लेकर संरक्षण के प्रयासों को मजबूत करने तक, भारत ने यह दिखाया है कि विकास और प्रकृति का संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं.

मौसम गुजरात के छोटा उदेपुर, दाहोद, नर्मदा और पंचमहल जिलों में ऐसी ही स्थिति बनने का अनुमान

5 दिनों तक कई राज्यों में भारी बारिश का आरेंज अलर्ट

नई दिल्ली, 10 अगस्त. देश के कई राज्यों में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और हरियाणा समेत कई राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.

विभाग के अनुसार इन क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान, बिजली गिरने और मध्यम बारिश की स्थिति बन सकती है. मौसम को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है. मध्य प्रदेश के कई जिलों में खराब मौसम का असर देखने को मिल सकता है. मौसम विभाग ने आगर-मालवा, भोपाल, देवास, इंदौर, मंदसौर, रायसेन, राजगढ़, रतलाम, सीहोर, शाजापुर और उज्जैन में तेज हवाओं के साथ आंधी, बिजली गिरने और बारिश की संभावना जताई है. वहीं गुजरात के छोटा उदेपुर, दाहोद, नर्मदा और पंचमहल जिलों में भी ऐसी ही स्थिति बनने का अनुमान है. उत्तर भारत के कई हिस्सों में भी मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है.

> आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में भी कई राज्यों में बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं. जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 10 से 13 अगस्त के बीच भारी बारिश की संभावना जताई गई है. वहीं हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 9 से 15 अगस्त तक तेज बारिश का अनुमान है. हिमाचल प्रदेश में 12 से 15 अगस्त के बीच भारी बारिश की स्थिति बन सकती है.

ट्रंप के पीछे हटने के बीच ईरान ने जमीनी हमले की दी चेतावनी

वाशिंगटन, 10 अगस्त. ईरान ने अमेरिका को सीधे शब्दों में धमकी दे दी है. ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिकी सैनिकों ने उसकी जमीन पर पैर भी रखा, तो हम उनकी गर्दनें काट देंगे. यह बयान ऐसे वक्त आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद इस टकराव से निकलने का रास्ता तलाशते नजर आ रहे हैं.

ईरानी सेना की ग्राउंड फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अली जहांशाही ने साफ कहा, 'अगर कोई अमेरिकी सैन्यकर्मी ईरान की जमीन पर कदम रखता है, तो हम उन्हें काट देंगे'. उन्होंने यह भी जोड़ा कि ईरान हर खतरे का 'कड़ा और रोकने वाला जवाब' देने के लिए पूरी तरह तैयार है. उनके मुताबिक, ईरानी सेना सीमाओं पर पूरी कॉम्बैट रेडीनेस में है और हर गतिविधि पर नजर रख रही है. वहीं ट्रंप चुनाव से पहले इस समस्या का हल निकालना चाहते हैं.